# धोलावड़ डैम : 22 दिन में जलस्तर दो मीटर घटा

## मार्च में तीखी गर्मी का असर, मई में जेकवेल से लेना पड़ सकता है पानी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मार्च माह में तेज गर्मी के चलते धोलावड़ जलाशय में भी पानी तेजी से घटा है। हालांकि इस बार डैम में पानी पर्याप्त है। अच्छी बारिश के बाद शहर की जलआपूर्ति का एकमात्र स्रोत धोलावड़ जलाशय पूरी क्षमता (395) मीटर तक भरा था। सिंचाई के लिए पानी देने व गर्मी के कारण पानी कम होने से जलस्तर वर्तमान में करीब 385.20 मीटर पर आ चुका है जो 13 मार्च को 387.10 था। 22 दिन में ही जलस्तर करीब दो मीटर घट चुका है।



प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाला धोलावड़ जलाशय का जलस्तर लगातार कम हो रहा। • नईदुनिया

मालूम हो कि जलाशय पर बने इंटकवेल से पानी लेने के लिए दो पंप लगे हुए हैं। जलस्तर 388 मीटर से कम होने के बाद पानी जेकवेल से आने लगता है। जेकवेल व इंटकवेल के बीच की दूरी करीब 500 मीटर है। वहां भी पानी कम होने पर फ्लोटिंग प्लेटफार्म पर मडपंप लगाकर पानी जेकवेल में लाकर वहां से इंटकवेल तक पहुंचाया जाता है। 384 मीटर के जलस्तर पर यह व्यवस्था करना पड़ सकती है। इस मान से अप्रैल माह में ही इसकी जरूरत पड़ सकती है।

शहर में अभी 33 से 35 एमएलडी पानी प्रतिदिन जलाशय ले लिया जा रहा है। एक दिन में 37 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। शेष आपूर्ति नलकूपों से सीधे बूस्टिंग के जरिये की जाती है। अप्रैल व मई में पानी की मांग बढ़कर 40 एमएलडी तक पहुंच जाएगी।

### किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए

इधर, जिले में पेयजल आपूर्ति को लेकर सोमवार को कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत सीईओ पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को सुनिश्चित हो। जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मानीटरिंग भी करें। चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। वर्तमान स्थिति के साथ-साथ मई तथा जून के दौरान की स्थिति का पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। ग्रामवार डाटा संग्रहण कर संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को रतलाम शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### ट्रीटेड वाटर उपयोग से पेयजल आपूर्ति में राहत

**आपूर्ति में राहत :** शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने से नगर निगम द्वारा सफाई कार्यों, फायर लारी आदि में ट्रीटेड पानी का उपयोग किया जा रहा है। इससे धोलावड़ से मिलने वाली सप्लाई का उपयोग पेयजल के लिए ही किया जा रहा है। निगम ट्रीटेड वाटर निर्माण कार्यों के लिए भी नाम मात्र के शुल्क पर दे रहा है। 5-4-22

नई दुनिया

5-4-22

# सुरो की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

## नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत- गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रस्तुती दी




रतलाम। नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैन, तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैन, तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बी. वर्षा कुरंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया । दो समूह गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।

कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यास, जी. के. जायसवाल, राजेश पाटीदार, बृजेश कुशवाहा ,मनीष तिवारी, भी उपस्थित थे।

4-4-22

स्टेट राजप्रेस
4-4-22

# नवभारत नगर की क्षतिग्रस्त पुलिया पर निगमायुक्त ध्यान दे



रतलाम। ऊंकाला रोड़ पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण मार्ग बंद सा है। नवभारत नगर भी इसी क्षेत्र में है जो नाले से जुड़ा हुआ है,। नवभारत नगर की सड़के भी टूटी हुई है तथा इससे जुड़ी हुई क्षतिग्रस्त पुलियां टूट कर आधी रह गई है। सैकड़ों वाहन आ जा रहे है। पुलिया पर वाहन निकालने में परेशानी होती है। संपर्क का मुख्य मार्ग यह कमजोर पुलिया कभी भी टूट सकती है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। डा. दिनेश जोशी ने इस संबंध में निगमायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निदान की मांग की है ताकि दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके और क्षेत्रवासियों के आने-जाने का मार्ग ठीक हो सके।

प्रभात

# कचरा संग्रहण हेतु लगाई 251 ट्रीप

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 4 अप्रैल सोमवार को 119 मेट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। 4 अप्रैल सोमवार को डम्पर से 35270 किलो, ट्रेक्टर से 11205 किलो, मैजिक सूखा कचरा 46975 किलो, मैजिक गीला कचरा 26475 किलो, सेनेटरी वेस्ट 5 किलो व घरेलू हानिकारक कचरा 3.7 किलो इस तरह कुल 119933.7 किलो कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पंहुचाया गया।

5-4-22

# डेढ़ माह से समय पर पेयजल वितरण नहीं



पत्रिका 5-4

रतलाम. शहर के वार्ड नंबर दो स्थित लक्ष्मणपुरा में डेढ़ माह से पेयजल वितरण व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। ऐसे में आमजन में इसको लेकर नगर निगम के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। अब क्षेत्र की गृहणिया भी ऐसे मामले में अपने घर से निकल कर नगर निगम जाकर अपनी नाराजी प्रकट कर रही है। सोमवार को क्षेत्र की रहवासी कविता महावर नगर निगम पहुंची। यहां पर नगर निगम के अधिकारी के नहीं मिलने पर कर्मचारी को लिखित शिकायत की गई। कविता ने बताया कि उनके क्षेत्र में डेढ़ माह से पेयजल संकट कायम है। असल में पानी तो नल में आ रहा है, लेकिन इसका कोई समय नहीं है। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र की महिलाएं आंदोलन करेंगी।

पत्रिका
5-4-22

नईदुनिया 5-4-22

### कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में दिए निर्देश

# ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रत्येक गांव की जल उपलब्धता जानकारी प्रस्तुत करें

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को सुनिश्चित हो, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को रतलाम शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई। ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ में एसडीएम जनपद सीईओ तथा पीएचई को निर्देशित किया गया कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। ग्रामवार डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ प्रस्तुत करेंगे। 12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों के व्यक्ति नेशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैंप के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जनजाति कार्य विभाग की अधिकारी ने बताया कि जिले के 113 ट्राईबल हॉस्टल में कलेक्टर के निर्देशानुसार रंगरोगन तथा मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि कॉलोनाइजर्स के मामले में समीक्षा करते हुए अब तक जितने भी कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है उनका फॉलोअप प्रस्तुत करें। जिले में स्कूलों तथा आंगनवाड़ियों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए किए जा रहे नल कनेक्शन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में विद्युत उपलब्धता की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को संयुक्त रूप से एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन स्थापित कर दिए जाएं।

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है। रतलाम जिले में भी उपरोक्त संख्या में तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुए भूमि के अंतिम चयन की कार्यवाही 7 अप्रैल तक कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसहयोग से भी तालाबों का निर्माण करवाया जाए।

प्रसारण 5-4-22

5-4-22

---

### पत्रिका की खबर के बाद साप्ताहिक बैठक में सख्त हुए कलेक्टर

# नहीं हो पानी की समस्या, धरातल की जानकारी दो

असर



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



पत्रिका

**रतलाम.** चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव मे पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर धरातल की वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह सख्त तेवर के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे निर्देश दिए हैं। पत्रिका ने 28 मार्च को ही नलजल योजना की वास्तविक स्थिति के बारे मे समाचार का प्रकाशन किया था।

कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यह तय करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को हो। इसीके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की निगरानी करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को शहर मे भी पेयजल आपूर्ति के संबंध मे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए।

## सप्ताह में रिपोर्ट हो तैयार

ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ मे एसडीएम जनपद सीईओ तथा पीएचई को कहा कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन सात दिन मे तैयार करें। एक एक गांव का डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ बनाकर दें। बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई।

## शराब दुकान पर हो स्वच्छता

5-4-22

स्वच्छता अभियानं के संबंध मे समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह तय करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रूपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। प्रत्येक जिले मे 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है। जिले मे भी उपरोक्त संख्या मे तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर ने स्थान चयन 7 अप्रेल तक करने को कहा।

पत्रिका 5-4



# गंदगी करने पर पांच दुकानें सील

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 अप्रैल सोमवार को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया साथ महालक्ष्मी पान सेंटर, पुष्पा मसाला, निरंजन कंगन, बाबुलाल खिलौना माणक चौक व पिन्टू सायर चबुतरा द्वारा गंदगी करने पर दुकान सील की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राकेश पर 1000, बलराम चौहान, आनन्द शर्मा, पंकज अग्रवाल, सदा शंकर, तस्लीम व छोटू पर 500-500, राठौर टी स्टॉल पर 250, व भूरिया पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार 5-4-22



# गंदगी करने पर पांच दुकानें सील

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत सोमवार को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। साथ महालक्ष्मी पान सेंटर, पुष्पा मसाला, निरंजन कंगन, बाबुलाल खिलौना माणक चौक व पिन्टू सायर चबुतरा द्वारा गंदगी करने पर दुकान सील की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राकेश पर 1000, बलराम चौहान, आनन्द शर्मा, पंक अग्रवाल, सदा शंकर, तस्लीम व छो पर 500-500, राठौर टी स्टॉल पर 250, व भूरिया पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई। 5-4-22

नवभारत 5-4-22

# गंदगी की तो पांच दुकानें की सील

पत्रिका 5-4-22



रतलाम. स्वच्छता अभियान 2022 में नगर निगम सख्त हो गया है। निगम के स्पाट फाइल दल ने अब बाजार में सख्ती दिखाना शुरू कर दी है। सोमवार को सघन बाजार वाले क्षेत्र में पहुंचकर दुकानों के बाहर गंदगी पाई जाने पर पांच दुकानों को सील कर दिया। कार्रवाई दल के प्रभारी कुलदीप भट्ट के नेतृत्व में की गई। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया मानक चौक क्षेत्र में चार दुकान व एक दुकान साईचबूतरा पर सील की गई। दल के अनुसार निगम का अमला प्रतिदिन सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार सहित विभिन्न कॉलोनियों में भ्रमण करता है। इसी आधार पर गंदगी मिलने पर आर्थिक दंड लगाया जाता है। महालक्ष्मी पान सेंटर, पुष्पा मसाला, निरंजन कंगन, बाबूलाल खिलौना माणक चौक क्षेत्र व पिंटू साई चबूतरा पर कार्रवाई की गई।

पत्रिका 5-4-22

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में दिए निर्देश

# ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रत्येक गांव की जल उपलब्धता जानकारी प्रस्तुत करें

प्रसारण न्यूज ♦ रतलाम



चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को सुनिश्चित हो, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को रतलाम शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई। ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ में एसडीएम जनपद सीईओ तथा पीएचई को निर्देशित किया गया कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। ग्रामवार डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ प्रस्तुत करेंगे। 12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों के व्यक्ति नेशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैंप के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जनजाति कार्य विभाग की अधिकारी ने बताया कि जिले के 113 ट्राईबल हॉस्टल में कलेक्टर के निर्देशानुसार रंगरोगन तथा मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि कॉलोनाइजर्स के मामले में समीक्षा करते हुए अब तक जितने भी कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है उनका फॉलोअप प्रस्तुत करें। जिले में स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए किए जा रहे नल कनेक्शन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में विद्युत उपलब्धता की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को संयुक्त रूप से एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों में नल कनेक्शन के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन स्थापित कर दिए जाएं।

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रूपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है। रतलाम जिले में भी उपरोक्त संख्या में तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुए भूमि के अंतिम चयन की कार्यवाही 7 अप्रैल तक कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसहयोग से भी तालाबों का निर्माण करवाया जाए।

प्रसारण 5-4-22

5-4-22

---

पत्रिका की खबर के बाद साप्ताहिक बैठक में सख्त हुए कलेक्टर

# नहीं हो पानी की समस्या, धरातल की जानकारी दो

4 पत्रिका



प्रकाशित खबर।




रतलाम. चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर धरातल की वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह सख्त तेवर के साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं। पत्रिका ने 28 मार्च को ही नलजल योजना की वास्तविक स्थिति के बारे में समाचार का प्रकाशन किया था।

कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यह तय करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को हो। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की निगरानी करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए।

## सप्ताह में रिपोर्ट हो तैयार

ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ में एसडीएम जनपद सीईओ तथा पीएचई को कहा कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन सात दिन में तैयार करें। एक एक गांव का डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ बनाकर दें। बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई।

## शराब दुकान पर हो स्वच्छता

5-4-22

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह तय करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रूपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है। जिले में भी उपरोक्त संख्या में तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर ने स्थान चयन 7 अप्रेल तक करने को कहा।

पत्रिका 5-4

# मुख्यमंत्री श्री चौहान मंगलवार को करेंगे मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना का शुभारंभ

5-4 इन्दौर समाचार

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी संकल्पना के अनुरूप युवाओं को रोजगार सम्पन्न बनाने की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना का मंगलवार 5 अप्रैल को शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशानुरूप योजना को स्व-रोजगार फ्रेंडली बनाया गया है, जिसमें युवाओं को खुद के रोजगार के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। आयुक्त उद्योग और एमएसएमई के सचिव श्री पी. नरहरि ने बताया है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हाल) भोपाल में दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा। योजना में इस वित्तीय वर्ष में एक लाख युवाओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस नई स्व-रोजगार योजना में प्रदेश के 12वीं पास एवं 18 से 40 आयु वर्ग के युवाओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिये एक से 50 लाख रूपये तक तथा सेवा और व्यवसाय गतिविधियों के लिये एक लाख से 25 लाख रूपये तक की परियोजनाओं के लिये बैंकों से ऋण दिलाया जायेगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के हितग्राहियों को शासन द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क अधिकतम 7 वर्षों के लिये दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान शिवपुरी, जबलपुर, खंडवा और पन्ना जिले के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और कार्यक्रम स्थल पर अनेक उद्यमियों को लाभांवित भी करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण क्षेत्रीय चैनल्स, दूरदर्शन मध्यप्रदेश, सोशल मीडिया पर किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में भी कार्यक्रम होगा, जिसमें मंत्रीगण और विधायक भी सम्मिलित होंगे। लगभग एक दर्जन जिलों के 300 युवा भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

**रतलाम में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुभारंभ कार्यक्रम लॉ कॉलेज में**-मुख्यमंत्री उद्यम क्राति योजना का शुभारंभ कार्यक्रम 5 अप्रैल को रतलाम में आनंद कॉलोनी स्थित ला कालेज सभागृह पर आयोजित किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री मुकेश शर्मा ने बताया कि दोपहर 12.00 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया रहेंगे। अध्यक्षता सांसद गुमानसिंह डामोर, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक सैलाना हर्षविजय गहलोत, विधायक आलोट मनोज चावला, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

इन्दौर समाचार
5-4-22

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का शुभारंभ आज

भोपाल ■ राष्ट्र डेस्क



- भोपाल के मिंटो हाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम
- इस साल एक लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी संकल्पना के अनुरूप युवाओं को रोजगार संपन्न बनाने की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का मंगलवार, 05 अप्रैल को शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशानुरूप योजना को स्व-रोजगार फ्रेंडली बनाया गया है, जिसमें युवाओं को खुद के रोजगार के लिए एक लाख से 50 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। आयुक्त उद्योग और एमएसएमई के सचिव पी. नरहरि ने बताया है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हाल) भोपाल में दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा। योजना में इस वित्तीय वर्ष में एक लाख युवाओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्र 5-4-22

इस नई स्व-रोजगार योजना में प्रदेश के 12वीं पास एवं 18 से 40 आयु वर्ग के युवाओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक से 50 लाख रुपए तक तथा सेवा और व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं के लिए बैंकों से ऋण दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को शासन द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क अधिकतम सात वर्षों के लिए दिया जाएगा।

## शिवराज सिंह चार ज़िलों के हितग्राहियों से करेंगे संवाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान शिवपुरी, जबलपुर, खंडवा और पन्ना जिले के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और कार्यक्रम स्थल पर अनेक उद्यमियों को लाभांवित भी करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण क्षेत्रीय चैनल्स, दूरदर्शन मध्यप्रदेश, सोशल मीडिया पर किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में भी कार्यक्रम होगा, जिसमें मंत्रीगण और विधायक भी सम्मिलित होंगे। लगभग एक दर्जन जिलों के 300 युवा भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

राष्ट्र 5-4-22

## प्रधानमंत्री आवास योजना के ईडब्ल्यूएस फ्लैट की पंजीयन राशि आज से पंजाब नेशनल बैंक में होगी जमा

रतलाम। नगर पालिक निगम द्वारा नॉन स्लम क्षेत्र के हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैट हेतु पूर्व में आमंत्रित आवेदनों में से पात्र पाये गये 2240 हितग्राहियों से पंजीयन राशि रूपये 35,000/- आज 5 अप्रैल मंगलवार से पंजाब नेशनल बैंक स्टेषन रोड शाखा में निगम के बैंक अकाउन्ट में जमा किये जायेगें, जो हितग्राही अंशदान की संपूर्ण राशि रूपये 3,50,000/- एक मुश्त जमा करावेंगे उनको प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। निगम के पास वर्तमान में 2240 आवेदकों के मान से बहुत कम संख्या में फ्लैट उपलब्ध है। इस कारण हितग्राहियों की वरियता का चयन बैंक में राशि जमा होने के दिनांक व समय के आधार पर बैंक से प्राप्त स्टेटमेंट के आधार पर किया जावेगा। नगर निगम द्वारा पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि 5 अप्रैल मंगलवार को ही पंजीयन राशि जमा करा देवें तथा देरी से राशि जमा होने के कारण वरियता के क्रम में पिछड़ने से होने वाली असुविधा से बचें।

प्रजातंत्र 5-4-22

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की आज से होगी शुरुआत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की शुरुआत मंगलवार को शहर के आनंद कॉलोनी स्थित लॉ कॉलेज सभागृह पर होगी।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रहेंगे। अध्यक्षता सांसद गुमानसिंह डामोर, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक सैलाना हर्षविजय गहलोत, विधायक आलोट मनोज चावला, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा उपस्थित रहेंगे। आयोजन के दौरान योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

## पीएम आवास के फ्लैट के लिए आज से पंजीयन राशि जमा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 5-4-22
patrika.com

रतलाम. नगर पालिक निगम द्वारा नॉन स्लम क्षेत्र के हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लेट हेतु पूर्व में आमंत्रित आवेदनों में से पात्र पाये गये 2240 हितग्राहियों से पंजीयन राशि 35 हजार रुपये मंगलवार से पंजाब नेशनल बैंक स्टेशन रोड शाखा में निगम के बैंक अकाउन्ट में जमा किये जायेगें। जो हितग्राही अंषदान की संपूर्ण राशि 350000 रूपये एक साथ जमा करावेंगे उनको प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। निगम के पास वर्तमान में 2240 आवेदकों के मान से बहुत कम संख्या में फ्लैट उपलब्ध हैं। इस कारण हितग्राहियों की वरियता का चयन बैंक में राशि जमा होने के दिनांक व समय के आधार पर बैंक से प्राप्त स्टेटमेंट के आधार पर किया जाएगा।

पत्रिका 5-4-22

## पानी की चिंता : शहर और गांवों में परेशानी ना हो इसलिए रिपोर्ट बनाएंगे

भास्कर संवाददाता। रतलाम

जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी है। ऐसी गर्मी में अब पेयजल संकट की चिंता भी सताने लगी है। किसी भी गांव में पेयजल की समस्या ना हो, इसके लिए जानकारी जुटाकर रिपोर्ट बनाई जाएगी।

सोमवार को इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। हर गांव की जानकारी लेकर उसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने कहा है कि हर एसडीएम और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यह तय करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को हो, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे काम भी भी मॉनिटरिंग की जाएगी। वहीं, रतलाम शहर में भी ऐसा ही काम होगा। इसके लिए कलेक्टर ने निगम आयुक्त को रिपोर्ट बनाने को कहा है, जिसमें शहर में पेयजल आपूर्ति की स्थिति बताई जाएगी। 5-4-22

भास्कर 5-4-22

नवभारत 5-4-22

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुभारंभ कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित सांसद होंगे शामिल

5-4-22

रतलाम। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का शुभारंभ कार्यक्रम आज रतलाम में आनंद कॉलोनी स्थित ला कालेज सभागृह पर आयोजित किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रहेंगे। अध्यक्षता सांसद गुमानसिंह डामोर, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक सैलाना हर्षविजय गहलोत, विधायक आलोट मनोज चावला, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। नवभारत

## श्री राम नवमी के अवसर पर रतलाम में होगा प्राकट्य पर्व का आयोजन

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार आगामी 10 अप्रैल को श्री राम नवमी के पावन अवसर पर रतलाम में प्राकट्य पर्व का आयोजन होगा जिसका शुभारंभ शाम 7 बजे से कालिका माता उद्यान प्रांगण में किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि आयोजन में श्री राम केंद्रित गायन एवं नृत्य की विविध प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम आयोजन, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें सभी सादर आमंत्रित हैं। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम आयोजन के दौरान श्री राम केंद्रित लोक गायन देवास की कमला चौधरी एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। भोपाल की रचना मिश्रा एवं साथियों द्वारा शबरी बैले नृत्य नाटिका तथा धार की श्वेता जोशी एवं साथियों द्वारा श्री राम केंद्रित भक्ति गायन होगा।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 23 को वैष्णो देवी की यात्रा

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 23 अप्रैल को जिले से वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री रवाना होंगे। रतलाम ज़िले के लिए शासन द्वारा 300 यात्रियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन लेना प्रारंभ कर दिए गए हैं जो 15 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार कर आवेदन प्राप्ति हेतु सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रा में डॉक्टर अटेंडर भी साथ रहेंगे। वैष्णो देवी यात्रा 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक संपन्न होगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान मोबाइल नंबर 99268-77636 या महेश पोरवाल मोबाइल नंबर 99771-67429 पर संपर्क किया जा सकता है। तीर्थ यात्रा के इच्छुक हितग्राही अपने आवेदन अपनी जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में जमा करा सकते हैं। आवेदन का प्रारूप भी उन्हीं स्थानों से प्राप्त होगा। 5-4-22 नवभारत

नवभारत 5-4-22

---

### जिले से 23 अप्रैल को वैष्णो देवी की यात्रा होगी

## शुरू होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

रतलाम. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 23 अप्रैल को जिले से माता वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री रवाना होंगे। जिले के लिए शासन द्वारा 300 यात्रियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिए गए हैं जो 15 अप्रैल तक लिए जाएंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार कर आवेदन लेने के लिए जिले के सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रा में डॉक्टर, अटेंडर भी साथ रहेंगे। वैष्णो देवी यात्रा 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चलेगी आवेदन पत्र ऑनलाइन करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान मोबाइल नंबर 99268-77636 या महेश पोरवाल मोबाइल नंबर 99771-67429 पर संपर्क किया जा सकता है। तीर्थ यात्रा के इच्छुक हितग्राही अपने आवेदन अपनी जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में जमा करा सकते हैं। आवेदन उन्हीं स्थानों से प्राप्त होगा। 5-4-22

पत्रिका 5-4-22

---

## 23 अप्रैल से शुरु होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, पहली यात्रा वैष्णो देवी की

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 23 अप्रैल को जिले से वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री रवाना होंगे। रतलाम जिले के लिए शासन द्वारा 300 यात्रियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन लेना प्रारंभ कर दिए गए हैं जो 15 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार कर आवेदन प्राप्ति हेतु सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रा में डॉक्टर अटेंडर भी साथ रहेंगे। वैष्णो देवी यात्रा 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक संपन्न होगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन करने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला सूचना अधिकारी श्री नरेंद्रसिंह चौहान मोबाइल नंबर 99268-77636 या महेश पोरवाल मोबाइल नंबर 99771-67429 पर संपर्क किया जा सकता है। 21G 5-4-22

21G 5-4-22

---

## वैष्णो देवी के दर्शन करने जाएंगे जिले के 300 यात्री

रतलाम | मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 23 अप्रैल को जिले के 300 यात्री वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा पर रवाना होंगे। 23 से 28 अप्रैल तक चलने वाली यात्रा में डॉक्टर और अटेंडर भी साथ रहेंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए जिला सूचना अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान (99268-77636), महेश पोरवाल (99771-67429) से संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। 5-4-22

भास्कर 5-4-22

---

## जिले से 23 अप्रैल को वैष्णोदेवी की यात्रा

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी 23 अप्रैल को जिले से वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री रवाना होंगे। रतलाम जिले के लिए शासन द्वारा 300 यात्रियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन लेना प्रारंभ कर दिए गए हैं जो 15 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार कर आवेदन प्राप्ति हेतु सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कारण अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रा में डॉक्टर अटेंडर भी साथ रहेंगे। वैष्णो देवी यात्रा 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक संपन्न होगी।

अग्निबाण 5-4-22

अवन्तिका 5-4-22

---

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन में 23 अप्रैल को वैष्णोदेवी यात्रा

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 23 अप्रैल को जिले से वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री रवाना होंगे। रतलाम जिले के लिए शासन द्वारा 300 यात्रियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कार्ययोजना तैयार कर आवेदन लेने के लिए सभी एसडीएम तथा जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया है। यात्रा में डाक्टर अटेंडर भी साथ रहेंगे। वैष्णो देवी यात्रा 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक होगी। आवेदन पत्र आनलाइन करने को लेकर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान मोबाइल नंबर 99268-77636 या महेश पोरवाल 99771-67429 पर संपर्क किया जा सकता है। हितग्राही आवेदन जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में जमा करा सकते हैं।

नई दुनिया 5-4-22

नई दुनिया 5-4-22

टीएल बैठक | कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम आयुक्त को दिए निर्देश

# कालोनाइजरों पर एफआइआर के बाद की रिपोर्ट दें

5-4-22



टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में अवैध कालोनियों को लेकर प्रशासन की कार्रवाई में अब दर्ज प्रकरण की समीक्षा की जा रही है। सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को निर्देश दिए कि अब तक जितने भी कालोनाइजर के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है उनका फालोअप प्रस्तुत करें।

मालूम हो कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रविधानों के विपरित नगरीय क्षेत्र में अवैध कालोनी का निर्माण करने वाले 15 व्यक्तियों पर निगम की ओर से नवंबर 2021 में प्रकरण दर्ज कराए गए थे। प्रकरण में वर्तमान स्थिति और आगे की कार्रवाई को लेकर समीक्षा की जा रही है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद आदि उपस्थित रहे।

**एक सप्ताह में सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों में नल कनेक्शन दें**

जिले में स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में विद्युत उपलब्धता की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को संयुक्त रूप से एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों में नल कनेक्शन के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन हो जाए।

**शराब दुकान पर गंदगी मिली तो 20 हजार रुपये जुर्माना होगा**

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो। गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों के निर्माण को लेकर सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुए भूमि के अंतिम चयन की कार्रवाई सात अप्रैल तक कर ली जाए।

# गंदगी करने पर पांच दुकानें सील



दुकान सील करने की कार्रवाई करते हुए नगर निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम द्वारा गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वाले के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सोमवार को गंदगी फैलाने पर पांच दुकानें सील करने की कार्रवाई की गई।

महालक्ष्मी पान सेंटर, पुष्पा मसाला, निरंजन कंगन, बाबूलाल खिलौना माणकचौक व पिंटू सांचर चबूतरा द्वारा गंदगी करने पर दुकान सील की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राकेश से 1000 रुपये, बलराम चौहान, आनंद शर्मा, पंकज अग्रवाल, सदाशंकर, तस्लीम व छोटू से 500-500 रुपये, राठौर टी स्टाल से 250 रुपये, भूरिया से 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को स्पाट फाइन दल ने भविश्य में गंदगी नहीं फैलाने व अमानक पालिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया
5-4-22

8 साल में कॉलोनी में विकास नहीं किए, प्लाट की बिक्री का मामला

# रचना हाउसिंग कॉलोनी के मामले में उच्च न्यायालय में केविएट की दायर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 5-4-22
patrika.com

रतलाम. शहर में कॉलोनी काटने व उसमे विकास कार्य किए बगैर प्लाट की बिक्री मामले में रचना हाउसिंग कॉलोनी पर नगर निगम ने 28 मार्च को कार्रवाई की थी। अब इससे एक कदम आगे बढ़कर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में प्रशासन ने केविएट दायर कर दी है।

नगर निगम के कॉलोनी अधिनियम को तोडऩे पर बिते सप्ताह नगर निगम ने रचना हाउसिंग कॉलोनी के बंधक प्लॉट राजसात कर लिए थे। इसके खिलाफ कॉलोनाइजर अनिल झालानी ने बंधक भूखंड राजसात आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में आवेदन प्रस्तुत दिया था। इस मामले में 5 अप्रैल को झालानी के आवेदन पर विचार से पूर्व उच्च न्यायालयको प्रशासन प्रमुखता से तर्क में राजसात करने को सही ठहराएगा।

असल में 28 मार्च को रचना हाउसिंग कॉलोनी के नगर निगम में बंधक रखे प्लाट को राजसात निगम द्वारा किया गया था। यह कार्रवाई कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर की गई थी। इस मामले में कॉलोनाइजर अनिल झालानी, भागीदार प्रवीण पिता सेलवडिया सहित भूमि के स्वामी अभय कोठारी सहित रमेशचंद्र जैन के नाम से आदेश जारी हुआ था।

## आदेश के खिलाफ गए कोर्ट

कलेक्टर व निगम प्रशासक के आदेश के खिलाफ कॉलोनीनाइजर झालानी सहित अन्य भागीदारियों ने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। केविएट प्रस्तुत करने के बाद अब उच्च न्यायालय प्रशासन के पक्ष को भी पहले सुनेगा।

## 2013 में मिली थी मंजूरी

नगर निगम ने रचना हाउसिंग कॉलोनी संचालक को दिसंबर 213 में बंधक प्लाट पर विकास कार्य करने की मंजूरी दी थी। इसके लिए कॉलोनाइजर को तीन साल का समय दिया गया। 2013 से 2022 तक कॉलोनाइजर ने विकास कार्य नहीं किए। इतना ही नहीं, इसके लिए जरूरी पूर्णता का प्रमाण पत्र नगर निगम से नहीं लिया व प्लाट की बिक्री कर दी गई। इसको कॉलोनी एक्ट के विपरीत काम माना गया।

## 22072.23 वर्ग मीटर प्लाट राजसात

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम-2021 के नियम 20 अनुसार कॉलोनी विकास के पेटे बंधक रखें 22072.23 वर्ग मीटर बंधक भूखंडों को राजसात करने के आदेश जारी किए थे। नियम अनुसार कॉलोनी के अंदर जो विकास कार्य होना है, उसकी लागत करीब 7 करोड़ रुपये से अधिक है।

## केविएट दायर की गई

कॉलोनी काटने के बाद अब तक आंतरिक विकास कार्य नहीं किए गए। इसके बाद इनको राजसात किया गया। उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में केविएट दायर की गई है, जिससे हमारे पक्ष को सुनकर ही कोई निर्णय हो।

**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर व निगम प्रशासक

4 (पत्रिका)
5-4-22

अमृत योजना में पहले के काम अधूरे, दूसरा चरण लागू इसी माह से

# नया कर नहीं, पेयजल-सड़क-सौंदर्यीकरण पर बात

## मिनी स्मार्ट योजना में बनाएंगे शहर में नए सिटी फोरलेन, 12 करोड़ का फूड जोन, बदलेंगे पेयजल के संसाधन

पत्रिका

सिटी डेवलपमेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क 5-4-22
patrika.com



रतलाम. शहर में वर्ष 2022 9 2023 के लिए नगर निगम ने 3.47 अरब रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। अमृत योजना के दूसरे चरण को इसी माह से लागू किया जा रहा है। हालांकि पहले चरण के काम फिलहाल अधूरे है। इस बार के बजट में शहर के बचे हुए क्षेत्र में सिटी फोरलेन को मिनी स्मार्ट योजना में बनाना, 12 करोड़ रुपये के प्रस्तावित फूड जोन को बनाने के अलावा पेयजल पर्याप्त मिले इसके लिए धोलावाड़ से लेकर मोरवानी में बड़े बदलाव के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। अच्छी बात यह है कि कोई नया कर आमजन पर नहीं लगाया है, इससे पूर्व के वर्षो की तरह ही जलकर व संपत्तीकर को भरना होगा।

नगर निगम हर वर्ष शहर के लिए आय व व्यय का पत्रक याने की बजट बनाती है। इस बार बजट में कई महत्वपूर्ण इन बात को शामिल किया गया है जिससे आने वाले वर्षो में रतलाम बड़ा शहर बनेगा।

### यह काम होगा

सिटी फोरलेन में सिर्फ रोड मात्र नहीं बनेगी, बल्कि इन क्षेत्र में फुटपाथ, साइड ड्रेन, पेयजल लाइन को शिफ्ट, स्ट्रीट लाइट को शिफ्ट आदि कार्य किए जाएंगे।

### पेयजल में बदलाव

पेयजल विभाग में कई बड़े काम करने का लक्ष्य लिया गया है। अब तक हर बार गर्मी में धोलावाड़ के इंटकवेल में पानी दूर होने पर पेयजल की समस्या आती है। इसके अलावा धोलावाड़ से लेकर मोरवानी तक पंप, मोटर आदि वर्षो पुरानी है। यहां तक की वर्तमान जरुरत के बदले पुराने समय के हार्स पावर के पंप लगे हुए है। इन सभी को इसी साल नगर निगम ने बदलने की योजना बजट में बनाई है।

### सीवरेज योजना का दूसरा चरण

शहर में सीवरेज योजना में अब तक पाइप लाइन डालने का कार्य किया गया है। अब रोड पर डाली गई पाइप लाइन को शहर के करीब 60 हजार से अधिक घर के चेंबर से जोड़ना है। इस कार्य को 31 मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य इस बजट में लिया गया है।

### यहां बनेगा नया सिटी फोरलेन

- अंबेमाता चौराहा जवाहर नगर से गांधीनगर, रिटायर्ड रेलवे कॉलोनी तक - 855.75 लाख रुपये
- महाराणा प्रतापचौक से मुख्य डाकघर होते हुए श्री लोकेंद्र टाकिज रोड तक - 277.35 लाख रुपये
- शास्त्री नगर न्यू रोड से पावर हाउस रोड तक - 384.31 लाख रुपये

### अमृत योजना का दूसरा चरण

अमृत योजना का दूसरा चरण अक्टूबर 2021 में देशभर में लागू हो गया। नगर निगम ने इसको अब अपने बजट में शामिल किया है। इसमे कचरा मुक्त शहर, सीवरेज का काम पूरा, हर घर में पर्याप्त पेयजल, बिजली के हर पोल पर एलइडी, जलसंवर्धन को महत्व, खुले में शौच बंद आदि इसमे शामिल है।

### महानगर के रुप में विकसित करेंगे

रतलाम को महानगर के रुप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। बजट भी उसी दिशा की सोंच के साथ बनाया गया है। सभी के सहयोग से रतलाम को स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा।

पत्रिका 5-4-22

**कॉलोनियों की खेती** • केस दर्ज करने के बाद पुलिस भूमाफिया से दस्तावेज तक नहीं मंगा पाई

# दिसंबर में 17 कॉलोनाइजर पर हुई थी एफआईआर कलेक्टर ने कमिश्नर से पूछा क्या कार्रवाई की

## सोमवार को कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में निगमायुक्त से फॉलोअप रिपोर्ट देने को कहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना परमिशन अवैध कॉलोनियां काटने वाले जिन 17 कॉलोनाइजर्स पर नगर निगम ने एफआईआर दर्ज कराई थी, उनकी याद बुलडोजर चलाने वाले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को लगभग चार माह बाद सोमवार को आई। मौका था कलेक्टोरेट में हुई समय सीमा बैठक का। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को अब तक जितने भी कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर कराई गई है, उनका फॉलोअप प्रस्तुत करने को कहा है।

हकीकत यह है कि पुलिस ने कॉलोनाइजरों से दस्तावेज दिखाने को कहा था। अधिकांश थाने ही नहीं पहुंचे, वहीं पुलिस ने एक को भी पकड़ने की हिमाकत नहीं की। इसके पीछे का कारण भूमाफियाओं के दबदबे और दबाव को बताया जा रहा है, जिसके चलते सरकारी बुलडोजर कई माह से अवैध कॉलोनियों की तरफ रुख नहीं कर पाया। बता दें कि अक्टूबर-नवंबर में प्रशासन और नगर निगम की टीम ने 9 अवैध कॉलोनियों के बिना अनुमति किए गए निर्माण पर बुलडोजर चलाया था। साथ ही 2 दिसंबर को 17 कॉलोनाइजरों के विरुद्ध माणकचौक, दीनदयाल नगर और स्टेशन रोड थाने पर एफआईआर करवाई थी।

## इन अवैध कॉलोनियों के भूमाफिया के आगे प्रशासन ने टेके घुटने



सागोद रोड पर जैन मंदिर के पीछे वाली कॉटेज कॉलोनी की बिना परमिशन बनी रोड।

5-4-22

### नगर निगम कमिश्नर नोटिस जारी करके भूल गए

10 अक्टूबर 2020 को नगर निगम कमिश्नर ने 9 कॉलोनाइजर को नोटिस जारी किए थे। कुछ के जवाब आने के बाद इंजीनियरों की टीम बनाकर जांच में लगाई थी। अब तक न तो यह जांच पूरी हो पाई, न कॉलोनाइजरों पर एफआईआर हो पाई है। जिन कॉलोनाइजरों को निगम ने नोटिस दिए थे, उनमें हसन उल्ला अ. रहीम शेख, मनीष पूनमचंद सुराणा, भागचंद कोठारी, राजकुमार पूनमचंद सुराणा, कालूराम गोवर्धन धाकड़, सतीश मोडीराम झवंर, विजेंद्र शांतिलाल गादिया, मनीष सुराणा व अन्य शामिल हैं।

- **सागोद रोड कॉटेज कॉलोनी**- जयंतसेन धाम मंदि[र] के पीछे वाली इस कॉलोनी के कॉलोनाइज[र] ने बिना अनुमति सीमेंट कांक्रीट की सड़क बना रखी है। प्रशासन अक्टूबर में फर्म मेसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स और उसके भागीदारों को नोटिस भी जारी कर चुका है, लेकिन अफसर कुछ नहीं कर पाए।
- **थिरियाखेड़ी**- क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों की जांच कर राजस्व अमले ने रिपोर्ट नगर निगम को दी थी। इसमें सर्वे नंबर 129/53/1, 2, 3, 4, 5 व अन्य, 140/4, 150/18/2/1, 150/18/2/2 की मिलाकर 0.870 हेक्टेयर जमीन पर बिना डायवर्शन किए प्लॉटिंग करने का पता चला था।
- **ईटावामाता रोड**- बिजासनमाता मंदिर के साथ धराड़ के पाटीदारों ने बिना अनुमति सीसी रोड बनाकर प्लॉट बेचना शुरू कर दिया। 56 से ज्यादा प्लॉटों में कुछ रोड साइड बाकी अंदर के हैं। शिकायतें और जानकारी प्रशासन तक पहुंच चुकी है। अब तक नोटिस तक जारी नहीं हो पाया है।
- **सैलाना**- कलेक्टर के आदेश पर तत्कालीन एसडीएम ने 13 सर्वे नंबर की जांच की थी। इसमें बिना परमिशन और डेवलपमेंट किए प्लॉट बेचने का खुलासा हुआ था। सीएमओ और तहसीलदार यह रिपोर्ट अब तक कलेक्टर तक नहीं पहुंचा पाए हैं।
- **नामली**- पिपलौदा रोड पर विकसित हो रही एक कॉलोनी का कलेक्टर ने खुद निरीक्षण करके जांच के आदेश दिए थे। इसमें आसपास चार कॉलोनियां निकली थी। यह कार्रवाई इसके आगे नहीं बढ़ पाई।

भास्कर
5-4-22

अमृत सागर बगीचा: कागज में दौड़ रही बगीचा संवारने की योजना

# पिंजरे में कैद होकर रह गई बच्चों की ट्रेन



फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में गर्मी की शुरुआत के बाद अब छोटे बच्चों के सामने बगीचे में जाकर खेलने की समस्या आ गई है। कालिका माता, रोटरी क्लब के बगीचे को छोड़ दिया जाए तो किसी भी बगीचे में नगर निगम ने छोटे बच्चों के मनोरंजन के संसाधन की व्यवस्था नहीं की है। शहर में नगर निगम के रिकार्ड में 120 बगीचे व इतने ही स्थाई माली है, जिनके मालाना वेतन पर करीब 10 लाख रुपये का व्यय होता है। इसके अलावा अस्थाई माली अलग है, जिनका कोई हिसाब किताब ही नहीं है। ऐसे में शहर के अमृत सागर बगीचे की बात की जाए तो यहां छोटे बच्चों के मनोरंजन का सबसे बड़ा संसाधन रेलगाड़ी पिछले सात वर्षो से पिंजरे में कैद होकर रह गई है।

शहर में बगीचों के सुधार के बड़े - बड़े दावे नगर निगम कर रहा है, जमीनी धरातल पर वास्तविकता अलग है। कोरोना काल के बाद अपनी सेहत के लिए चिंतित शहरवासियों को 10 बेहतर बगीचे नगर निगम नहीं दे पाया है, जहां पर जाकर वे बेहतर तरीके से व्यायाम कर सकें। ऐसे में अब आमजन में नगर निगम की बगीचों के प्रति इस बेरूखी से नाराजी बढ़ रही है।

## यहां कागज में योजना

शहर के अमृत सागर तालाब के किनारे बने अमृत सागर बगीचे में लंबे समय तक बच्चों की रेल चलती रही। जब तक रेल चली इसको बेहतर प्रतिसाद शहर से मिला। आशा मौर्य जब महापौर रही तब एक बार यह रेल खराब हुई तो इसको एक पखवाड़े में सुधार कर चलवाया गया। इसी प्रकार अन्य महापौर के कार्यकाल में भी रेल खराब होने पर सुधार कर चली। बाद में अब सात वर्षो से यह ट्रेन पिंजरे में कैद होकर रह गई है।

## हैदराबाद की तर्ज का दावा

जब यह रेल बंद हुई तो नगर निगम के अधिकारियों ने दावा किया कि हैदराबाद की तर्ज पर बगीचों में संसाधन लगवाए जाएंगे। इसके लिए अधिकारियों का दल हैदराबाद भी गया। अधिकारी तो हैदराबाद जाकर आ गए, लेकिन तब से अब तक यहां रेल शुरू नहीं हो पाई। यहां पर झूले टूटे तो नए झूले निगम ने लगवा दिए, बस रेल नहीं चलवा पा रहे हैं।

## बड़ी योजना पर काम

शहर के बगीचों को बेहतर करने के लिए बड़ी योजना पर काम चल रहा है। अमृत सागर बगीचे की बंद रेल को चलाने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

5-4-22

पत्रिका

5-4-22

सर्वे के बाद सफाई भी हुई ठप

# कचरा उठाना हुआ बंद, अफसर आकलन में जुटे

5-4-22

भास्कर संवाददाता | रतलाम



शहर में जगह- जगह फैला रहा कचरा (फोटो आबकारी कंपाउंड का)।

शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण किस तरह सेटिंग से हुआ, इसकी पोल खोलने के लिए ये फोटो काफी है। कचरे और गंदगी का यह ढेर शहर के बीचों-बीच स्थित आबकारी कंपाउंड में लगा है, जो सोमवार को दोपहर बाद तक नहीं उठा।

सर्वे निपटते ही अफसरों के तेवर ढीले पड़ गए हैं, तो पहले से मनमानी कर रहा सफाई अमला भी सुस्त दिखाई दिया। वहीं अफसर खुद सिविक सेंटर स्थित एसबीएम में सर्वे को लेकर मंथन करते रहे। सर्वे के दौरान निगमकर्मी भी साथ थे इसलिए कितने नंबर मिल जाएंगे, उसका गणित लगाते रहे। बताया जा रहा है कि टीम और अमले द्वारा मिलकर किए गए सर्वे की जानकारी राजधानी तक पहुंच गई है। एक्शन

### टीम रवाना, वाट्सएप ग्रुप बंद

कहा तो यह जा रहा है कि टीम सर्वे करके रवाना हो चुकी है, लेकिन जिस तरह सोमवार को भी स्वास्थ्य अमला अलर्ट नजर आया है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि टीम ने कुछ बची हुई लोकेशन देखी, फिर गई। टीम के साथ घूम रहे निगम के अफसर हालांकि सर्वेक्षण को छुपाते नजर आए। दैनिक भास्कर द्वारा सर्वेक्षण की पोल उजागर करने के बाद अफसरों ने निगम के सारे वाट्सएप ग्रुप बंद करवा दिए। इतना ही नहीं पूरे अमले को सख्त हिदायत दे दी गई कि मीडिया से कोई बात नहीं करेगा।

भास्कर

5-4-22

# पेयजल समस्या से निपटने गांवों की जानकारी एकत्रित कर बनेगी रिपोर्ट

रतलाम। चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर

## ▸ कलेक्टर ने टीएल बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को सुनिश्चित हो, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को रतलाम शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई। ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ में एसडीएम जनपद सीईओ तथा



पीएचई को निर्देशित किया गया कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। ग्रामवार डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ प्रस्तुत करेंगे।

12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों के वेक्सीनेशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैंप के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जनजाति कार्य विभाग की अधिकारी ने बताया कि जिले के 113 ट्राईबल हॉस्टल में कलेक्टर के निर्देशानुसार रंगरोगन तथा मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

नवभारत

कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त सोनाथ झारिया को निर्देशित किया गया कि कॉलोनाइजर्स के मामले में समीक्षा करते हुए अब तक जितने भी कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है उनका फॉलोअप प्रस्तुत करें। जिले में स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए किए जा रहे नल कनेक्शन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में विद्युत उपलब्धता की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को संयुक्त रूप से एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों में नल कनेक्शन के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन स्थापित कर दिए जाएं।

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रूपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है।

रतलाम जिले में भी उपरोक्त संख्या में तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुए भूमि के अंतिम चयन की कार्यवाही 7 अप्रैल तक कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसहयोग से भी तालाबों का निर्माण करवाया जाए। 5-4-22

नवभारत
5-4-22

# नवभारत नगर की क्षतिग्रस्त पुलिया पर निगमायुक्त ध्यान दे

रतलाम। उंकाला रोड़ पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण मार्ग बंद सा है। नवभारत नगर भी इसी क्षेत्र में है जो नाले से जुड़ा हुआ है,। नवभारत नगर की सड़कें भी टूटी हुई है तथा इससे जुड़ी हुई क्षतिग्रस्त पुलियां टूट कर आधी रह गई है। सैकड़ों वाहन आ जा रहे है। पुलिया पर वाहन निकालने में परेशानी होती है। संपर्क का मुख्य मार्ग यह कमजोर पुलिया कभी भी टूट सकती है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। डा. दिनेश जोशी ने इस संबंध में निगमायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निदान की मांग की है ताकि दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके और क्षेत्रवासियों के आने-जाने का मार्ग ठीक हो सकें।

अवन्तिका 5-4-22

# क्षतिग्रस्त पुलिया से नागरिक हो रहे परेशान, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

5-4-22

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क



उंकाला रोड़ पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण मार्ग बंद सा है। नवभारत नगर भी इसी क्षेत्र में है जो नाले से जुड़ा हुआ है,। नवभारत नगर की सड़कें भी टूटी हुई है तथा इससे जुड़ी हुई क्षतिग्रस्त पुलियां टूट कर आधी रह गई है। सैकड़ों वाहन आ जा रहे है। पुलिया पर वाहन निकालने में परेशानी होती है। संपर्क का मुख्य मार्ग यह कमजोर पुलिया कभी भी टूट सकती है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

डा.दिनेश जोशी ने इस संबंध में निगमायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निदान की मांग की है ताकि दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके और क्षेत्रवासियों के आने-जाने का मार्ग ठीक हो सके।

राज 5-4-22

# टूटी पुलिया से निकल रहे रहवासी



रतलाम. उंकाला रोड़ पर पुलिया का निर्मण किया जा रहा है, जिसके कारण मार्ग बंद है। जयभारत नगर भी इसी क्षेत्र में है जो नाले से जुड़ा हुआ है। जयभारत नगर की सड़कें भी टूटी हुई है तथा इससे जुड़ी हुई क्षतिग्रस्त पुलियां टूट कर आधी रह गई है। सैकड़ों वाहन का प्रतिदिन आना - जाना हो रहा है। इसके बाद भी नगर निगम टूटी पुलिया को बेहतर नहीं करवा रही है। क्षेत्र के रहवासियों ने बताया पुलिया पर से वाहन निकालने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। संपर्क का मुख्य मार्ग यह कमजोर पुलिया कभी भी टूट सकती है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना होगी जिससे आमजन को परेशानी होगी। शहर के डॉ. दिनेश जोशी ने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र लिखकर टूटी पुलिया के मामले में ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निदान की मांग की है।

पत्रिका 5-4-22

# नवभारत नगर की क्षतिग्रस्त पुलिया से दुर्घटना का अंदेशा



रतलाम ● उंकाला रोड पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण मार्ग बंद सा है। नवभारत नगर भी इसी क्षेत्र में है जो नाले से जुड़ा हुआ है। नवभारत नगर की सड़कें भी टूटी हुई है तथा इससे जुड़ी हुई क्षतिग्रस्त पुलिया टूट कर आधी रह गई है। सैकड़ों वाहन आ जा रहे है। पुलिया पर वाहन निकालने में परेशानी होती है। संपर्क का मुख्य मार्ग यह कमजोर पुलिया कभी भी टूट सकती है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। डॉ. दिनेश जोशी ने इस संबंध में निगमायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निदान की मांग की है ताकि दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके और क्षेत्रवासियों के आने-जाने का मार्ग ठीक हो सके।

5-4-22

### कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए

# गर्मी शुरु होते ही कलेक्टर ने अधिकारियों से मांगी जल उपलब्धता की जानकारी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

चालू ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आए। प्रत्येक गांव की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने ताकीद की कि प्रत्येक एसडीएम तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता ग्रामीणों को सुनिश्चित हो, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को रतलाम शहर में भी पेयजल आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद आदि उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन पीडीएस से राशन वितरण की भी समीक्षा की गई। ग्रीष्मकाल में पेयजल के संदर्भ में एसडीएम जनपद सीईओ तथा पीएचई को निर्देशित किया गया कि वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आगामी मई तथा जून के दौरान किस प्रकार की स्थिति रहेगी इसका पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। ग्रामवार डाटा संग्रहण किया जाए, संयुक्त रिपोर्ट एसडीएम तथा जनपद के सीईओ प्रस्तुत करेंगे। 12 से 14 वर्ष आयु के बच्चों के व्यक्ति नेशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैंप के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जनजाति कार्य विभाग की अधिकारी ने बताया कि जिले के 113 ट्राईबल हॉस्टल में कलेक्टर के निर्देशानुसार रंगरोगन तथा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। 5-4-22

कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को निर्देशित किया गया कि कॉलोनाइजर्स के मामले में समीक्षा करते हुए अब तक जितने भी कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है उनका फॉलोअप प्रस्तुत करें। जिले में स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए किए जा रहे नल कनेक्शन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में विद्युत उपलब्धता की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को संयुक्त रूप से एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों में नल कनेक्शन के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन स्थापित कर दिए जाएं।

## गंदगी पाए जाने पर 20 हजार जुर्माना वसूला जाएगा

स्वच्छता अभियान के संबंध में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर गंदगी नहीं हो, यह सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी दुकान पर गंदगी पाए जाने पर कम से कम 20 हजार रूपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 100 नवीन तालाबों का निर्माण किया जाना है। रतलाम जिले में भी उपरोक्त संख्या में तालाबों के निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुए भूमि के अंतिम चयन की कार्यवाही 7 अप्रैल तक कर ली जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनसहयोग से भी तालाबों का निर्माण करवाया जाए।

5-4-22

# 13 सफाई मित्रों का 1 दिन का वेतन काटा

**– दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पुरे दिन का वेतन – बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त**

**रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 8 व दोपहर में 5 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।**

ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा। 4 अप्रैल सोमवार को वार्डो में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में अजय-विनोद, बादल-दिलीप, विजय-फुलचन्द, सचिन-रामसेवक, कुसुमबाई पति धिव, झोन क्रमांक 2 में महेन्द्र-नेहरू, कन्हैयालाल-कमल, दीपक-राजू, झोन क्रमांक 3 में शुभम-राजू, धर्मेन्द्र-रामचन्द्र, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 1 में राकेश-रतनलाल, अनिल-अर्जुन, झोन क्रमांक 2 में श्यामाबाई पति कन्हैयालाल, मंजुबाई पति राधाकिशन, विमलाबाई पति नारायण इस तरह 13 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है?

इन्दौर समाचार 5-4-22

इन्दौर समाचार
5-4-22